तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इन्नीशियल्स जज	नं. व . तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

~~न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर~~

अपील संख्या– 24/2019 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट

9.3.2021 **अनवान :–**

1. हरमीत सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह जटसिख निवासी चक 1 बी.बी. तहसील व जिला श्रीगंगानगर।
2. सुखराज सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह जटसिख निवासी चक 1 बी.बी. तहसील व जिला श्रीगंगानगर।
3. बलजिन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी 13 बी.बी. पदमपुर जिला श्रीगंगानगर। (मृत्तक)
4. गुरदर्शन सिंह पुत्र करनेल सिंह जटसिख निवासी 13 बी.बी. पदमपुर जिला श्रीगंगानगर।

बनाम

1. श्री मीतासिंह पुत्र हरीदास जाति बाजीगर निवासी बाजीगरों की ढाणी 11 एम.एल.।
2. गुरूद्वारा श्री सिंहसभा सार्वजनिक प्रन्यास जरिये जगतार सिंह पुत्र अमरीक सिंह।
3. हरपाल सिंह पुत्र श्री बरयाम सिंह जटसिख निवासी 13 बी. बी. पदमपुर श्रीगंगानगर।
4. सुखदीप सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह जटसिख निवासी 1 बी. बी. तहसील व जिला श्रीगंगानगर।
5. राजस्थान सरकार जरिये पेरोकार राज।

आज यह पत्रावली अभिभाषक अपीलांट श्री रेवन्तराम चौधरी व अपीलांट स्वयं हरमीत सिंह, सुखराज सिंह और गुरदर्शन सिंह ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आज पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उपरोक्त अनवान की अपील में आगे चलाना नही चाहते है। अतः उक्त अपील अभिभाषक व अपीलांट NOT PRESS के आधार पर खारिज कराना चाहते है।

हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर के आदेश दिनांक 21.02.2019 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अभिभाषक अपीलांट इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं NOT PRESS करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये NOT PRESS इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड एवं आदेश की प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया।

संभागीय आयुक्त
बीकानेर

E. Nirnay 2020